Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 195 ▫ रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को न मिलेगा पेट्रोल, न मिलेगी शराब



### बालोद कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में जनहानि रोकने उठाया कदम

बालोद, 8 अगस्त (हाईवे चैनल)। जिले में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को न तो पेट्रोल पंपों में पेट्रोल मिलेगा, और न ही शराब दुकानों में शराब. सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि को रोकने के लिए बालोद जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है.

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन विक्रेताओं की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं. कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों की जीवन की सुरक्षा करना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. इस अभियान को सफल बनाने में पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन विक्रेताओं को महत्वपूर्ण कड़ी मानते हुए, उन्हें जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है. इसके अलावा कलेक्टर मिश्रा ने जिले के दोपहिया वाहन विक्रेताओं को उनके दुकानों से दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को दोपहिया वाहन के साथ साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट भी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर पेट्रोल पंप के समीप आईएसआई मार्क वाले हेलमेट दुकान प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए. मिश्रा ने जिला परिवहन अधिकारी को इस संबंध में शीघ्र जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्टोरेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा जिला पंचायत एवं रक्षित आरक्षी केन्द्र में दोपहिया वाहन से कार्यालय आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए भी हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं.

## शाला भवन के छत का प्लास्टर गिरा, एक छात्रा का सिर फटा, तो दूसरी हुई घायल



**मुंगेली,** 8 अगस्त (हाईवे चैनल)। मुंगेली विकासखण्ड में बरदुली स्थित प्राथमिक शाला भवन में बड़ा हादसा हो गया. पढ़ाई के दौरान छत का प्लास्टर गिरने से एक छात्रा का सिर का सिर फट गया, वहीं दूसरी छात्रा को चोट आई है. जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों के मरम्मत व जतन के दावों की खुली पोल खुल गई, जब बरदुली स्थित प्राथमिक शाला में छत का प्लास्टर गिर गया. घटना में तीसरी कक्षा की हिमांचुका दिवाकर का जहां सिर फट गया, वहीं हंसिका दिवाकर को चोट आई है. दोनों को उपचार के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार जारी है.

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर हालत को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया था। कोर्ट ने स्कूल में करंट से झुलसे तीसरी कक्षा के छात्र और 187 जर्जर आंगनबाड़ी भवनों को लेकर प्रकाशित समाचारों पर संज्ञान लिया था और शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक को व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## राहुल गांधी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर देश से माफी मांगें

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था। इस पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।




### चुनाव आयोग की दो टूक

इससे पहले कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। इसके अलावा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था। इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल गांधी ने कहा, %नरेंद्र मोदी सिर्फ 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने। चुनाव आयोग भाजपा को भारत में चुनावी व्यवस्था को नष्ट करने में मदद कर रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए बिहार सरकार ने किया कल्याण बोर्ड गठित

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल) ।बिहार सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनका सामाजिक विकास एवं सशक्तीकरण के लिए एक कल्याण बोर्ड का गठन किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग ने 'बिहार राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड' के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिकारी ने बताया कि बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन साहनी को 28 सदस्यीय इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

### सीजेआई के हस्तक्षेप के बाद सुप्रीम कोर्ट को वापस लेना पड़ा आदेश

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को 4 अगस्त के अपने उस आदेश को वापस ले लिया जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामलों की सुनवाई से हटाकर एक वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ बैठने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार के एक आदेश पर चिंता व्यक्त करने के बाद यह निर्देश जारी किया था। न्यायमूर्ति कुमार ने एक आपराधिक शिकायत को यह कहते हुए रद्द करने से इनकार कर दिया था कि धन वसूली के लिए दीवानी उपाय की उपलब्धता शिकायत को रद्द करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। यह आदेश भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के अनुरोध पर वापस लिया गया था, जिन्होंने मूल आदेश की व्यापक आलोचना के बीच पीठ से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर लगाई गई सीमाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। मामले को नए निर्देशों के लिए पुनः सूचीबद्ध किया गया था। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने मामले को दोबारा सूचीबद्ध करने के कारणों की व्याख्या करते हुए कहा, हमें भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश से एक अदिनांकित पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें अनुच्छेदों में की गई टिप्पणियों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया।

## 67 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

### भारत की तीनों सेना बनेगी और अधिक शक्तिशाली



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। देश की रक्षा क्षमताओं को और मज़बूत करने की दिशा में भारत सरकार ने डिफेंस एक्विजिशन काउंसिलकी बैठक में लगभग 67,000 करोड़ के रक्षा सौदों को मंज़ूरी दे दी है। इस ऐतिहासिक फैसले से भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना को एकसाथ कई अत्याधुनिक हथियार, निगरानी उपकरण और रक्षा प्रणालियां मिलेंगी, जिससे तीनों अंगों की रणनीतिक तैयारी और मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।

यह मंज़ूरी आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दी गई है, जिसमें अधिकांश रक्षा उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित किए जाएंगे। सरकार का स्पष्ट इरादा है – न केवल अत्याधुनिक युद्ध तकनीक को अपनाना, बल्कि उसे देश के भीतर बनाना।

## चलती रोडवेज बस पर गिरा पेड़ 4 महिला टीचर समेत 5 की मौत



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। बाराबंकी जिले में भारी बारिश के कारण बड़ा हादसाहो गया। जहां, बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही एक बस पर अचानक पेड़ गिर गया। इस हादसे मे बस चालक समेत 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में चार महिला टीचर भी शामिल है। जबकि कई गाड़ी में फंसे हुए है। जिन्हें बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में एडमिट किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही तेजी से राहत बचाव अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बस में फंसे हुए लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकाला जा सके।

## दो ट्रेलरों के बीच जबरदस्त टक्कर, 1 की मौके पर मौत



**बलरामपुर,** 8 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर दो ट्रेलर के बीच जोरदार भिड़ंत हुई है. इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहनों के चालक-परिचालक गंभीर रूप से घायल हैं. सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया है.

जानकारी के मुताबिक, घटना वाड्रफनगर थाना क्षेत्र की है. एक ट्रक यूपी से सामान लेकर छत्तीसगढ़ आ रहा था, वहीं दूसरा ट्रक लोहे की छड़ के बंडल लेकर रायगढ़ से इलाहबाद जा रहा था. वाड्रफनगर के मोरन नदी के पास सुबह 4 बजे करीब सड़क पर एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई. हादसे में एक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था और हादसे के दौरान सड़क पर घूम रहा था. दर्दनाक हादसे में दोनों वाहनों के चालकों और परिचालकों को गंभीर चोटें आई हैं. उन्हें वाड्रफनगर के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.

## शोएब ढेबर के खिलाफ गैर जमानती एफआईआर दर्ज, प्रहरी के साथ बदसलूकी



**रायपुर,** 8 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ भी पुलिस ने कई गैर जमानती धाराओं के साथ अपराध पंजीबद्ध कर दिया है. शोएब रायपुर के पूर्व मेयर ऐजाज ढेबर का भतीजा है. उसने बीते दिन केंद्रीय जेल परिसर में जेल प्रहरी से गाली-गलौच की और राजनीतिक धौंस जमाते हुए अपने पिता अनवर से मिलने पहुंचा था. जेल प्रहरी से दुर्व्यवहार करने के बाद जेल अधीक्षक ने शोएब ढेबर के जेल के अंदर मुलाकात कक्ष में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया. वहीं दूसरे दिन आज शोएब पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, गाली गलौज करने के लिए ब्न्हस् की धारा 221, 296, 329 के तहत गंज पुलिस थाने में स्नढ्ढक्र भी दर्ज कर दी गई है.

## अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या, 2 आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ की हत्या कर दी गई। यह मामला पार्किंग विवाद को लेकर हुआ, जिसमें विवाद बढ़ने के बाद हमलावरों ने आसिफ पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस हत्या के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे की है जब आसिफ कुरैशी दिनभर का काम निपटाकर अपने घर लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि किसी ने स्कूटी उनके मकान के मुख्य गेट के ठीक सामने खड़ी कर रखी है। उन्होंने स्कूटी को हटाने के लिए कहा, लेकिन जवाब में बहस शुरू हो गई। गाली-गलौज के बाद बात इतनी बिगड़ी कि कुछ लोगों ने मिलकर आसिफ पर धारदार नुकीली चीज़ से हमला कर दिया।




**चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी को अब चुनाव आयोग 'वोट चोरी' वाले आरोप पर शपथ पत्र मांग रहा है।**

**चुहिया- हां जी, ... मुड़ मुड़ाए हरि मिले..!**

## देवर ने भाभी की चाकू मारकर की हत्या



**रायपुर,** 8 अगस्त (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड़ पर देवर ने भाभी को चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने भाभी को चाकू मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया था जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी कामेश्वर बंजारे अपनी पत्नी और भाई भाभी के साथ रिंगरोड़ नं.03 पर एसबीआई बैंक के पास झोपडी बनाकर मजदुरी का काम करते है। बता दें कि, गुरूवार देर शाम आरोपी कामेश्वर का अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक बात पर विवाद हो गया। तभी आरोपी कामेश्वर चाकू लेकर हमला करने की नियत से अपनी पत्नी को सड़क पर दौड़ाया। तभी बीच-बचाव कराने आई भाभी संगीता बंजारे को आरोपी ने चाकू मारकर घायल कर दिया और मौके से भाग निकला। फिलहाल विधानसभा थाना पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

## टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के खिलाफ भारत को मिला चीन का साथ



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (न्यूज चैनल)। टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिकी मनमानी के खिलाफ भारत को चीन का साथ मिला है। चीन ने कहा है कि अमेरिकी सरकार द्वारा टैरिफ का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और हमारा इसके प्रति विरोध साफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। जब इसे लेकर चीन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि टैरिफ के दुरुपयोग के प्रति चीन का विरोध सही और स्पष्ट है।

अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। भारत ने आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और गैरवाजिब है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि %यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है जब कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में ऐसे कदम उठा रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।